# शुक्रिया श्याम तेरा | By Raju Bawra

मेरे चाह से ज़्यादा तुमने दिया
हर पल करूँ मैं तेरा शुक्रिया

तुम्हारे रहम से गुज़ारा चले
ये परिवार भी अब हमारा पले
लगाया मुझे तुमने जबसे गले
बुरे दिन थे जो अब हो गए भले
करम अपना ठाकुर जो तुमने किया
हर पल करूँ मैं तेरा शुक्रिया

हुआ धन्य जीवन मेरा आपसे
सुकून दिल को मिलता तेरे जाप से
सुमिर के तुझे मैं बचा पाप से
दिया तुमने छुटकारा संताप से
हर लम्हा आनंद से मैंने जिया
हर पल करूँ मैं तेरा शुक्रिया

तुमसा किसी का निगेहबान हो
वो कुंदन कभी न परेशान हो
दयालु बड़े तुम दयावान हो
तुम बावरा की ही पहचान हो
मेहरबानियों का ख़ज़ाना दिया
हर पल करूँ मैं तेरा शुक्रिया
मेरी चाह से ज़्यादा...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%81%e0%a4%95%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-by-raju-bawra/